राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय** ने **राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024** की घोषणा की।

- मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन, द्रोणाचार्य, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार और मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (MAKA) ट्रॉफी के लिये पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की गई।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 के प्राप्तकर्त्ता कौन हैं?

पुरस्कार	खिलाड़ी का नाम
मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार	गुकेश डी (शतरंज), **हरमनप्रीत सिंह (हॉकी),** प्रवीण कुमार (पैरा-एथलेटिक्स) और मनु भाकर (निशानेबाज़ी)।
उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार	सुश्री ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स), नीतू (मुक्केबाजी), **राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स) आदि।**
उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम)	सुच्चा सिंह (एथलेटिक्स), **मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा-तैराकी)**
द्रोणाचार्य पुरस्कार	सुभाष राणा (पैरा-शूटिंग), एस मुरलीधरन (बैडमिंटन) आदि।
राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार	**फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया**
मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (MAKA) ट्रॉफी	**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय (समग्र विजेता)**

भारत में दिये जाने वाले विभिन्न खेल पुरस्कार कौन-कौन से हैं?

- **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार:** इसे **भारत का सर्वोच्च खेल** सम्मान माना जाता है।
  - किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले **चार वर्षों की अवधि में खेल के क्षेत्र में किये गए शानदार और सर्वाधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन** के लिये दिया जाता है। जिसमे विजेताओं को एक **पदक, प्रमाण पत्र और नकद राशि पुरस्कार** के रूप में प्रदान की जाती है।
- **अर्जुन पुरस्कार:** यह **चार वर्षों की अवधि में लगातार अच्छे प्रदर्शन** के लिये दिया जाता है।
  - अर्जुन पुरस्कार विजेताओं को **अर्जुन की एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र और नकद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है।**
- **द्रोणाचार्य पुरस्कार:** यह **प्रशिक्षकों को दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान** है।
  - यह पुरस्कार प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में **पदक विजेता तैयार करने वाले व्यक्तियों** को दिया जाता है।
- **मेजर ध्यानचंद पुरस्कार:** यह भारत के हॉकी के जादूगर ध्यानचंद के नाम पर दिया जाने वाला एक और पुरस्कार है।
  - यह खेलों में आजीवन (लाइफटाइम) उपलब्धियों के लिये **भारत का सर्वोच्च सम्मान** है।
- **मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी:** यह किसी **संस्था या विश्वविद्यालय को** पिछले **एक वर्ष में अंतर-विश्वविद्यालय टूर्नामेंटों** में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिये दी जाती है।
- **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार:** यह पुरस्कार पिछले तीन वर्षों में खेल के प्रचार और विकास के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले **संगठनों या कॉर्पोरेट्स (निजी और सार्वजनिक दोनों) और व्यक्तियों** को दिया जाता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. खेल पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2023)

1.मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार	किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि के दौरान सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये
2. अर्जुन पुरस्कार	किसी खिलाड़ी द्वारा जीवन-काल की उपलब्धियों के लिये
3. द्रोणाचार्य पुरस्कार	उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिये जिन्होंने सफलतापूर्वक खिलाड़ियों या टीमों को प्रशिक्षित किया है
4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार	खिलाड़ियों द्वारा रिटायर होने के बाद भी किये गए योगदान की सराहना करने के लिये

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

उत्तर: (b)

प्रश्न. वर्ष 2000 में स्थापित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. अमेरिकी गोल्फर टाइगर वुड्स इस पुरस्कार के पहले विजेता थे।
2. यह पुरस्कार अब तक ज़्यादातर 'फॉर्मूला वन' के खिलाड़ियों को ही मिला है।
3. रोजर फेडरर को यह पुरस्कार दूसरों की तुलना में सबसे अधिक बार मिला है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-sports-awards-2024